
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 181 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
शून्य गुरुत्व की चुनौतियां



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 23 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0°

79924.77

2 हम प्रासंगिक समाधान पर पहुंचे
7 कोहली के पास ब्रैडमैन को पछाड़ने का मौका

# युद्ध नहीं, शांति से हो हर समस्या का समाधान: पीएम

## ब्रिक्स सम्मेलन में पुतिन के सामने पीएम मोदी का यूक्रेन जंग पर बड़ा संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कजान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार को रूस के कजान पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के विरासत शहर कजान पहुंच चुके हैं। आगमन पर प्रधानमंत्री का तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कजान के होटल कॉर्स्टन में रूसी समुदाय के कलाकारों द्वारा किया गया नृत्य प्रदर्शन देखा। अपनी टीम के साथ प्रदर्शन करने वाली एक रूसी कलाकार ने कहा, हम बहुत उत्साहित और नर्वस थे, हमने इस नृत्य के लिए लगभग 3 महीने तक अभ्यास किया...लोग वास्तव में पीएम मोदी को पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हम रोमांचक नर्तक हैं। भारतीय प्रवासियों ने पीएम मोदी के स्वागत में होर्डिंग लगवाए हैं। कजान से सामने आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी को भारत गणराज्य का प्रधानमंत्री लिखा गया है। रूस में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों ने पोस्टर पर इंडिया शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अवसर पर कजान में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने कहा, मैं रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के विषय पर लगातार आपके संपर्क में रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। हम शांति और स्थिरता की जल्द स्थापना का पूरा समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयासों में मानवता को प्राथमिकता दी जाती है। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22–23 अक्तूबर को रूस की यात्रा कर रहे हैं। यहां मेजबान रूस की अध्यक्षता में 16वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कजान में आयोजित ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के अलावा पीएम मोदी कजान आने वाले ब्रिक्स सदस्य देशों और अन्य आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। मोदी के 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात सहित कई द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है।

### हमारी परियोजनाएं विकसित हो रही हैं: पुतिन

पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अंतर–सरकारी आयोग की अगली बैठक 12 दिसंबर को नई दिल्ली में होनी है। हमारी परियोजनाएं लगातार विकसित हो रही हैं। आपने कजान में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। हम इसका स्वागत करते हैं।



### मेरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त करता हूं: पीएम मोदी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं आपकी मित्रता, गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध हैं। कजान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे।

### ब्रिक्स में भारत का दबदबा कैसे बढ़ा?

भारत की हाल के वर्षों में तेजी बढ़ती अर्थव्यवस्था ने इसे वैश्विक मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी बना दिया है। साल 2024 के आखिर तक भारत की जीडीपी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी हो सकती है, जिससे इसका प्रभाव बढ़ा है। भारत का कूटनीतिक संतुलन और नेतृत्व ब्रिक्स में चीन और रूस जैसी शक्तियों के साथ विशेष रूप से अहम है। भारत ने व्यापार, सुरक्षा या जलवायु परिवर्तन समेत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी स्थिति को मजबूत किया है। भारत ने वैश्विक महामारी कोविड–19 के दौरान वैक्सीन सप्लाई, जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक एजेंडा और वैश्विक व्यापार नियमों पर अग्रणी भूमिका निभाई है, जिससे इसका ब्रिक्स में प्रभाव और भी बढ़ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ बोर्ड की बैठक में भाजपा और टीएमसी के बीच झड़प

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वक्फ बोर्ड की बैठक में भाजपा और टीएमसी के सांसदों के बीच झड़प हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और बीजेपी सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच झड़प हो गई। झड़प के बाद मीटिंग को स्थगित कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, चोटिल होने के बाद कल्याण बनर्जी को तुरंत फर्स्ट एड के लिए ले जाया गया। उनके हाथों में चार टांके भी लगे।

### बेंगलुरु में निर्माणाधीन इमारत गिरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। भारी बारिश के बीच बेंगलुरु में एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई है। मलबे के नीचे कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। यह घटना हेन्नूर के पास बाबूसापल्या, बाबू साब पल्या में हुई, और मजदूरों की तलाश के लिए आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंच गई हैं। इमारत के अंदर 17 लोगों के फंसे होने की आशंका है

# ड्रैगन ने दिखाई 'पेट्रोलिंग समझौते' को हरी झंडी

## पीछे हटेगी चीनी सेना, भारत–चीन के बीच खत्म हुआ सीमा विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। साल 2022 से पूर्व लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रही सीमा विवाद अब खत्म हो चुकी है। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले चीन ने पेट्रोलिंग समझौते पर हामी भरी है। चीन ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध को खत्म करने के लिए वो भारत के साथ एक समझौते पर पहुंच गया है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, ष्हाल ही में चीन और भारत चीन–भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर राजनयिक और सैन्य संबंधों के माध्यम से निकट संचार में रहे हैं। उन्होंने कहा, अब दोनों पक्ष उन प्रासंगिक मामलों पर एक प्रस्ताव पर पहुंच गए हैं जिनके बारे में चीन बढ़–चढ़कर बात करता है। उन्होंने कहा, आगे चलकर चीन इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए भारत के साथ काम करेगा। हालांकि, इस मामले पर चीन ने ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया।

दोनों देशों के बीच हुए समझौते को लेकर ब्ै। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जानकारी दी। उन्होंने कहा, हम अप्रैल 2020 की यथास्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। इसके बाद हम एलएसी के विघटन, डी–एस्केलेशन और सामान्य प्रबंधन पर विचार करेंगे। अप्रैल 2020 से हमारा यही रुख रहा है।

उपेंद्र द्विवेदी ने आगे कहा,अभी तक हम विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह तब होगा जब हम एक–दूसरे को देख पाएंगे और हम एक–दूसरे को यह समझाने और आश्वस्त करने में सक्षम होंगे कि हम बनाए गए बफर जोन में घुसपैठ नहीं कर रहे हैं।

### शी जिनपिंग से मिल सकते हैं पीएम मोदी

रूस के शहर कजान में 22 से 23 अक्टूबर तक ब्रिक्स सम्मेलन है। संभावना है कि यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हो सकती है। हालांकि अभी तक द्विपक्षीय बैठक की कोई सूचना नहीं है। माना जा रहा है कि सीमा विवाद सुलझाने पर चर्चा हो सकती है।

# त्योहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीद जरूर करें: सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क गड्ढा मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से अब तक पूर्ण हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। सीएम आवास में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जहां–जहां सड़कों की मरम्मत का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए जनता को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराया जाए। निर्धारित समय सीमा में सड़कों की मरम्मत के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि त्योहारों के दृष्टिगत राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए। स्थानीय उत्पादों की बिक्री की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया है कि त्योहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीद जरूर करें। इससे न केवल स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को समर्थन मिलेगा, बल्कि "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों को भी बल मिलेगा।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर के. सुधांशु, स चिव ौलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, एडीजी ए.पी. अंशुमन, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

### समीक्षा

■ मुख्यमंत्री धामी ने की सड़क गड्ढा मुक्त अभियान की समीक्षा

### यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटखोरी से बचाव के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। खाद्य पदार्थों की नियमित सैंपलिंग की जाए। यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए लोगों को आवाजाही में अनावश्यक परेशानी न हो।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# दिव्यांग व्यक्तियों को मिलेगा 5000 मासिक पेंशन


■ आप का बड़ा ऐलान, गवर्नर के पास भेजने की जरूरत नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए मासिक सहायता राशि देने का ऐलान किया है। दिल्ली सरकार ऐसे दिव्यांग लोगों को हर माह 5000 रुपए दिया करेगी। यह राशि पूरे देश में सबसे अधिक है। इसकी जानकारी समाज कल्याण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दी। भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 60 फीसदी से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांगजन इस मासिक आर्थिक सहायता के लिए योग्य होंगे। उन्होंने बताया कि वित्तीय सहायता बढ़ाने का निर्णय सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया है।

मंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग को इस योजना के कार्यान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत एक महीने के भीतर रजिस्ट्रेशन शुरू होने की उम्मीद है। भारद्वाज ने कहा कि मेरा मानना है कि इस स्कीम के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए गर्वनर के पास भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह जनता का पैसा है जो उनके ही कल्याण के लिए खर्च किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी



### ट्रंप और कमला हैरिस के बीच 7 राज्यों में कांटे की टक्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान में सिर्फ दो सप्ताह बाकी हैं। इसी बीच आए एक सर्वे के नतीजों से पता चलता है कि वॉइट हाउस के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सात राज्यों में कड़ी टक्कर चल रही है। वॉशिंगटन पोस्ट-शार स्कूल के सर्वे में बताया गया है कि डेमोक्रेटिक हैरिस जॉर्जिया में 47 के मुकाबले 51 से आगे चल रही हैं। वहीं, रिपब्लिकन ट्रंप एरिजोना में 46 की अपेक्षा 49 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। दोनों ही निष्कर्षों में प्लस या माइनस 4.5 प्रतिशत के अंतर से गलती की संभावना जताई गई है। बाइडन के रेस से हटने के बाद डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनीं हैरिस को पेंसिल्वेनिया, मिशिगन और विस्कॉन्सिन में भी बढ़त मिली है। सर्वे के आंकड़ों के अनुसार, उत्तरी कैरोलिना में ट्रंप आगे चल रहे हैं, जबकि नेवादा में हैरिस के साथ 48–48 के अंतर से बराबरी पर हैं। ये सर्वेक्षण 30 सितम्बर से 15 अक्टूबर के बीच 5016 मतदाताओं के बीच किया गया है। 78 वर्षीय ट्रंप लगातार तीसरी बार वॉइट हाउस के लिए दावेदारी कर रहे हैं। 2020 के अमेरिकी चुनाव में उन्हें बाइडन से हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद उन्होंने बड़े पैमाने पर मतदाता धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। चुनाव परिणामों को पलटने के प्रयास के साथ ही उन्हें संघीय और राज्य आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप ने आरोपों को साजिश बताया है।

### इजरायली ही कर रहे थे ईरान के लिए जासूसी, पूरे किए 600 मिशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायल में सात लोगों ईरान के लिए जासूसी करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। इजरायली पुलिस और आंतरिक खुफिया एजेंसी शिन बेट ने इसकी जानकारी दी। आरोप है कि संदिग्धों ने ईरान के लिए लगभग 600 मिशन पूरे किए, जिसमें संवेदनशील सैन्य और बुनियादी ढांचे वाली जगहों पर खुफिया जानकारी करना और ईरान के लिए मानव लक्ष्यों की पहचान करना शामिल है। देश के खिलाफ जासूसी के मामले सामने आने के बाद इसे लेकर इजरायल में सजा पर बहस शुरू हो गई है। कुछ सांसदों ने इसके लिए मौत की सजा की मांग की है। इजरायली मीडिया आउटलेट वाईनेट के अनुसार, अभियोग दायर किया जाना है। हालांकि, संदिग्धों के खिलाफ आरोप पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं। रिपोर्ट में इजरायल के सबसे गंभीर जासूसी मामले के बारे में बताया गया है, जो अतीत में इजरायली परमाणु टेक्निशियन मोर्दके वानुनु पर लगा था। उन्होंने डिमोना में परमाणु रिएक्टर की जानकारी और तस्वीरें लीक की थीं। मोर्दके पर देशद्रोह का भी आरोप लगाया गया। दोषी पाए जाने के बाद उन्हें 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। वाईनेट की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली दंड संहिता जासूसी के आरोपों को पांच अलग–अलग अपराधों में विभाजित करती है।

### कश्मीर पर एर्दोगान की चुप्पी से पीएम मोदी खुश, कजान में मिलेगा इनाम


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगान ने जब पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में संबोधन के दौरान कश्मीर मुद्दे पर चुप्पी साधी तो पाकिस्तान हैरान रह गया था। 2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने के मोदी सरकार के फैसले के बाद से यह पहली बार था, जब एर्दोगान ने कश्मीर पर कुछ नहीं कहा था। कश्मीर पर एर्दोगान के चुप बैठने के बाद अब भारत ने भी तुर्की को लेकर रुख नरम किया है। रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और कजान में मुलाकात हो सकती है। इसे पाकिस्तानी एक्सपर्ट भारत की एक बड़ी जीत के रूप में देख रहे हैं। पाकिस्तानी विशेषज्ञ कमर चीमा ने तुर्की के राष्ट्रपति के बदले अंदाज को पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका बताया है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया के लिए कश्मीर का मसला पीछे हो गया है। आज कश्मीर के मामले पर पाकिस्तान का समर्थन कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोई भी इस्लामिक देश आज कश्मीर पर चर्चा नहीं कर रहा है। वहीं, भारत की स्थिति बहुत साफ होती जा रही है। एर्दोगान की कश्मीर पर चुप्पी की वजह बताते हुए चीमा कहते हैं कि तुर्की भी ब्रिक्स की सदस्यता चाहता है। भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है।

# व्लादिमीर पुतिन की नई प्लानिंग ने पश्चिम को एक तरह से दी पटकनी

**रणनीति**

## ब्रिक्स की मेजबानी दिखाएगी कि वैश्विक मोर्चे पर रूस को किनारे करना आसान नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



वॉशिंगटन। ढाई साल से भी लंबे समय से युद्धरत रूस के खिलाफ एकजुट होते पश्चिमी देशों की एक के बाद एक कार्रवाई, पाबंदियों और यूक्रेन को आर्थिक–सामरिक समर्थन के बावजूद क्रेमलिन कमजोर होता नजर नहीं आ रहा। बल्कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई प्लानिंग ने पश्चिम को एक तरह से पटकनी दी है।

मंगलवार से पुतिन रूस के कजान शहर में ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, तुर्किये के रेसेप तैय्यप एर्दोगन और ईरान के मसूद पेजेश्कियान के साथ गलबहियां करते दिखेंगे। इस सम्मेलन में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की बढ़ती मौजूदगी यह साफ करती है कि यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में जुटे रहने और रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने से, पुतिन को किनारे करने की योजना कारगर नहीं होगी।


शुरुआत में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे पांच राष्ट्रों का ब्रिक्स गठित करने का उद्देश्य पश्चिमी दबदबे वाली दुनिया में एक संतुलन बनाना था। हालांकि, इस वर्ष इसमें तेजी से बढ़ोतरी हुई। जनवरी में ईरान, इजिप्ट, इथियोपिया और यूएई ब्रिक्स से जुड़ गए, जबकि तुर्किये, अजरबैजान और मलेशिया ने औपचारिक रूप से इसमें शामिल होने के लिए आवेदन कर दिया है। इसके अलावा कई अन्य देश भी इससे जुड़ने में अपनी दिलचस्पी दिखा चुके हैं। रूस इसे एक बड़ी सफलता मान रहा है।

पुतिन के विदेश नीति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा है कि 32 देशों ने इसमें अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर दी है और 20 से ज्यादा देश अपने राष्ट्राध्यक्षों को इसमें भेजेंगे। इस दौरान पुतिन की 20 से ज्यादा द्विपक्षीय बैठकें होंगी और यह सम्मेलन रूस में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी नीति वाला कार्यक्रम साबित हो सकता है। क्रेमलिन की कसी रणनीतिविश्लेषकों की मानें तो क्रेमलिन इस सम्मेलन को दुनिया को दो तरह से दिखाना चाहता है। पहला, पश्चिम के साथ लगातार तनाव के बीच क्रेमलिन अपने वैश्विक साझीदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है, साथ ही रूस की अर्थव्यवस्था और उसके युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए उनके साथ सौदे पर बातचीत की व्यावहारिकता भी चाहता है। जबकि इसमें शामिल होने वाले अन्य देशों के लिए यह अपनी आवाज बढ़ाने का एक मौका है। कार्नेगी रसिया यूरेसिया सेंटर के निदेशक एलेक्जेंडर गबुयेव ने बताया कि क्रेमलिन भारत और चीन जैसे बड़े देशों के साथ व्यापार बढ़ाने और पश्चिमी प्रतिबंधों को दरकिनार करने की चर्चा करने में सक्षम होगा। रूस एक नए पेमेंट सिस्टम में साथ देने के लिए भागीदार देशों का सहयोग मांग सकता है, जो ग्लोबल बैंक मैसेजिंग सिस्टम स्विफ्ट का विकल्प बने और मास्को को प्रतिबंधों की फिक्र किए बिना अपने सहयोगियों के साथ व्यापार करने में सक्षम बनाए।

## आतंकी पन्नू ने भारत के खिलाफ उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत को धमकी दी है। पन्नू ने कहा कि वह खालिस्तान जनमत के लिए अभियान जारी रखेगा और अपनी राह में आने वाली किसी भी धमकी से नहीं डरता है। कनाडा के सीटीवी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में खालिस्तान समर्थक आतंकी ने कहा कि उसे भरोसा है कि उसके और निज्जर के मामले के जुड़े होने के बारे में और सबूत सामने आएंगे। साक्षात्कार के दौरान पन्नू ने कनाडा में भारत के पूर्व उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा के खिलाफ भी जहर उगला।

पन्नू का ये साक्षात्कार भारत के कनाडा से अपने शीर्ष राजनयिक को वापस बुलाए जाने के बाद सामने आया है। कनाडा के भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में पर्सन ऑफ इंटरेस्ट बताए जाने पर विवाद बढ़ गया था। इसके साथ ही कनाडा के छह राजनयिकों को देश छोड़ने को कह दिया गया था। पन्नू ने कहा, मैं किसी भी धमकी से नहीं डरने वाला हूं और मैं वैश्विक खालिस्तान जनमत संग्रह के लिए अभियान चलाना बंद नहीं करने वाला हूं। साक्षात्कार के दौरान खालिस्तान समर्थक पन्नू ने भारतीय राजनयिक संजय वर्मा के बारे में जहर उगलते हुए कहा, वे राजनयिक कम और पाखंडी अधिक है।



### हिजबुल्लाह ने इजरायल पर किया हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायली सेना की कार्रवाई का जवाब देते हुए हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमला किया है। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने तेल अवीव पर मिसाइल हमला किया है। हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने मंगलवार की सुबह इजरायली शहर तेल अवीव के पास दो ठिकानों और हाइफा के पश्चिम में एक नौसैनिक अड्डे पर रॉकेट दागे थे। हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने इजरायली सैन्य खुफिया यूनिट 8200 द्वारा इस्तेमाल किए गए गिलोट बेस और तेल अवीव के उपनगरों में निरीट क्षेत्र पर रॉकेट दागे। हिजबुल्लाह ने यह भी दावा किया कि उसने उत्तर की ओर बंदरगाह शहर हाइफा के बाहर एक नौसैनिक अड्डे पर भी रॉकेट दागे। इस हमलों में अभी तक किसी व्यक्ति के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि इजरायल हमास युद्ध के बीच 11वीं बार अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजरायल पहुंचे हैं।

# हम प्रासंगिक समाधान पर पहुंचेः चीनी विदेश मंत्रालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। चीन ने पुष्टि की है कि पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए भारत के साथ समझौता हो गया है। चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, विवादित क्षेत्रों में सीमा गश्त पर चीन और भारत के बीच कथित समझौते के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने वर्तमान समझौते की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि चीन और भारत ने सीमा से संबंधित मुद्दों के बारे में कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से घनिष्ठ संचार बनाए रखा है।

लिन जियान ने कहा कि वर्तमान में, दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों पर एक समाधान पर पहुंच गए हैं, जिसे चीन सकारात्मक रूप से देखता है। प्रवक्ता ने कहा कि अगले चरण में, चीन समाधान योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए भारत के साथ काम करेगा। भारत ने कहा कि वह चीन के साथ ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर गतिरोध वाले बाकी पॉइंट्स पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुआ है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, 'पिछले कई हफ्तों से भारतीय और चीनी राजनयिक तथा सैन्य वार्ताकार कई प्लेटफॉर्मों पर एक–दूसरे के साथ निकट संपर्क में हैं। इस चर्चा के परिणामस्वरूप भारत–चीन सीमा क्षेत्रों में एलएसी पर गश्त को लेकर सहमति बनी है। इस समझौते से सैनिकों की वापसी होगी और 2020 में उठे मुद्दों का समाधान होगा। हम इस पर अगला कदम उठाएंगे।'

### देपसांग और डेमचॉक से पीछे हटेंगी सेनाएं

सूत्रों के मुताबिक, सहमति इस पर बनी है कि देपसांग और डेमचॉक एरिया में जहां गश्त ब्लॉक है, वहां सैनिक पीछे हटेंगे और गश्त फिर से शुरू होगी। दोनों देशों की सेनाएं अपनी पुरानी पोजिशन पर लौट जाएंगी, जैसी अप्रैल 2020 से पहले थी। एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, 'हम 2020 वाली स्थिति पर पहुंच गए हैं।

### कनाडा में रिपुदमन सिंह के हत्यारों ने कबूला अपराध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओट्टावा। कनाडा में सिख अलगाववादी रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के मामले में दो हत्यारों ने अदालत में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। रिपुदमन सिंह साल 1985 में एयर इंडिया के विमान विस्फोट मामले में संदिग्ध था, लेकिन अदालत से बच निकला था। इस हादसे में विमान में सवार सभी यात्री और क्रू समेत 329 लोग मारे गए थे। साल 2022 में 14 जुलाई को रिपुदमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ब्रिटिश कोलंबिया के टेनर फॉक्स और जोस लोपेज ने दूसरी डिग्री की हत्या के लिए अपना अपराध स्वीकार किया। इस दौरान चौंकाने वाली घटना हुई, जब दोनों आरोपी कोर्ट रूम में ही एक दूसरे से भिड़ गए और घूसे बरसाने लगे। वैंकूवर सन की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ने कुछ मिनटों तक एक दसरे पर घूसे और थप्पड़ों से हमला किया, जिसके बाद शेरिफ ने विवाद को रोका और हथकड़ी लगाकर उन्हें दूर किया।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी

**जायजा**

## जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने आज ऊखीमठ तहसील कार्यालय में पहुंचकर जायजा लिया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग अधिकारीध्उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार आज 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रत्याशियों के नामांकन पत्रावलियों के दस्तावेज की प्रक्रिया से पूर्व की जाने वाली तैयारियों सहित बैरिकेटिंग के अलावा शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान हेतु प्रशासनिक तैयारियों एवं निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संपादित कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां व व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार से कोई असुविधा न हो इसके लिए नोटरी दस्तावेजों की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।



रिटर्निंग अधिकारी/उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला ने कहा कि 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय परिसर के 100 मीटर दायरे को बैरिकैटिंग कर दिया गया है। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस फोर्स की तैनाती भी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उप निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने से निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशी निःशुल्क नामांकन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कि निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उप निर्वाचन को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि उप निर्वाचन को कुशलता के साथ संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार प्रदीप नेगी, बीएल शाह, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने अशफाकउल्ला खान की जयंती पर उन्हे किया याद

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने आज कांवली रोड स्थित अपने कार्यालय पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अशफाकउल्ला खान की जयंती पर उन्हें याद किया। समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने कहा की अशफाक उल्ला खान जी का जन्म शाहजहांपुर के रेलवे स्टेशन के पास कदनखेल जलाल नगर मोहल्ले में 22 अक्टूबर सन 1900 को शफीक खान साहब के घर में हुआ था। उन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए हथियार इकट्ठा करने के लिए लखनऊ के काकोडी स्टेशन पर ट्रेन से खजाना लूटने के काम को अंजाम दिया था। वह ट्रेन को रोकने और कांड का नेतृत्व कर रहे थे जिसमें उनके साथी बिस्मिल, रोशन सिंह, चंद्रशेखर आजाद, मुरारी शर्मा ,बनवारी लाल, राजेंद्र लहरी ,शचींद्रनाथ केशव चक्रवर्ती ,मनमत नाथ गुप्ता और मुकंदी लाल शामिल थे।

### गौचर मेले की तैयारियों को लेकर दूसरी बैठक 27 अक्टूबर को होगी

**संवाददाता** चमोली। 72वां राजकीय औद्योगिक एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2024 के सफल आयोजन हेतु दूसरी बैठक जिलाधिकारीध्मेला अध्यक्ष संदीप तिवारी की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर,2024 को अपराह्न 12 बजे से जिला कार्यालय सभागार गोपेश्वर में आहूत की गई है। मेला अधिकारी संतोष पांडेय ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं समितियों के पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों से निर्धारित तिथि पर उक्त बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

### जिंदल आईवीएफ ने पीजीटी–एसआर प्रोसीजर के साथ चिकित्सीय सफलता हासिल की

**संवाददाता** देहरादून। इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) और सहायक प्रजनन तकनीक (एआरटी) सेवाएं देने वाले देश का बड़ा संस्थान जिंदल आईवीएफ प्रजनन देखभाल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। हाल ही में संस्थान ने प्रीइम्प्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग फॉर स्ट्रक्चरल रीअरेंजमेंट्स (पीजीटी–एसआर) केस को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस अत्याधुनिक प्रक्रिया ने सेकेंडरी इंफर्टिलिटी और प्रसव संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे एक कपल को नई उम्मीद दी है। डॉ शीतल ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला हमारे उन प्रयासों की पुष्टि करता है, जिनके तहत हम एडवांस प्रजनन तकनीकों का उपयोग करके जेनेटिक चुनौतियों से जूझ रहे परिवारों की मदद कर रहे हैं। इतनी बाधाओं को पार करने के बाद एक स्वस्थ बच्चे का जन्म न केवल उस परिवार के लिए बल्कि उन अनगिनत अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा है जो इसी तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

## 23 दिन से धरने पर बैठे पीआरडी जवानों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता** पुरोला। तहसील परिसर पुरोला में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे प्रांतीय रक्षक दल के जवानो ने 23 वें दिन महामहिम राज्यपाल को उपजिलाधिकारी नवजीस खलीक के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में अपनी मांगों पर शासन प्रशासन द्वारा कोई संज्ञान न लिए जाने का आरोप लगाते हुए पीआरडी जवानों ने कहा कि पिछले 23 दिन से पुरोला, मोरी व नौगांव के प्रान्तीय रक्षक दल से जुड़े जवान अपनी मांगों को लेकर तहसील परिसर पुरोला में क्रमिक अनशन पर बैठे है, परंतु अभी तक सरकार की ओर से कोई सुध नही ली जा रही है। जवानों ने ज्ञापन में उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड में रिट पिटीशन सं० 446/2021 महेश चन्द्र जोशी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य के सम्बन्ध में दिनांक 17/03/2021 को न्यायालय के अग्रिम आदेश तक विभाग द्वारा आयोजित किये गए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूर्णतः स्थगित करने एवं अनाधिकृत रूप से पंजीकृत व्यक्तियों को ड्यूटी में तैनात न किये जाने सम्बन्धित आदेश निर्गत किए गए थे जिसके क्रम में निदेशालय से प्रेषित पत्र सं0–1900, दिनांक 18 मार्च 2021 एवं 1952 दिनांक 24 मार्च 2021 के द्वारा उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन किये जाने हेतु समस्त जिला युवा कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया गया था।

बावजूद इसके कतिपय जनपदों में पीआरडी प्रशिक्षित जवानों की अनदेखी कर अनाधिकृत पंजीकृत व्यक्तियों को ड्यूटी में तैनात किया जा रहा है जो कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है।



## चंदन के पेड़ों से होगी महिला समूहों की आर्थिकी मजबूत

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के दौरान उचित स्थानों में चंदन के पेड़ लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने विकास खंड अगस्त्यमुनि एवं जखोली की ग्राम पंचायतों हेतु वाहन को रवाना किया। विकास भवन कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के तहत मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत भटवाड़ी, कोट व मणिगुह तथा विकास खंड जखोली की ग्राम पंचायत मेदनपुर की ग्राम पंचायत में लगभग 2500 चंदन के पौधों को 50 महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोपित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद की महिला समूह की आर्थिकी को मजबूत करने की दिशा चंदन के पौधों का रोपण किया जा रहा है। आने वाले तीन वर्षों में चंदन के पेड़ से उनकी आर्थिकी को बल मिल पाएगा। जिला उद्यान अधिकारी वीएस सिंह ने जानकारी कि पौधे को होस्ट प्लांट के तहत ही रोपा जाना चाहिए।

# कांग्रेस का पैनल केदारनाथ से पहुंचा सीधे दिल्ली, दून में मचा घमासान

**संवाददाता**

देहरादून। केदारनाथ उपचुनाव को कांग्रेस के प्रत्याशियों के पैनल तैयार कर उसे पीसीसी की बजाय सीधे दिल्ली भेजने पर घमासान मच गया है। वरिष्ठ पर्यवेक्षक गणेश गोदियाल ने प्रत्याशियों का पैनल सीधे प्रदेश प्रभारी सैलजा को भेज दिया है। इस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आपत्ति जताई। टिकट के अन्य दावेदारों ने भी पर्यवेक्षकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट तैयार प्रभारी सैलजा को भेजी। 13 दावेदारों को लेकर स्थानीय पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की राय को प्रभारी को भेजा गया है। प्रभारी सैलजा को पैनल के सम्बन्ध में क्या रिपोर्ट भेजी गई है,

**पैनल सीधे दिल्ली भेजना पीसीसी की अनदेखी**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी को इसकी भनक तक नहीं है। रिपोर्ट सीधे केदारनाथ से देहरादून की बजाय दिल्ली पहुंची। कांग्रेस का पैनल केदारनाथ से सीधे दिल्ली पहुंचने से मंगलवार को देहरादून में घमासान की स्थिति रही।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष अपनी आपत्ति जता दी है। केदारनाथ तक यात्रा निकाल कर उन्होंने कांग्रेस के समर्थन में एक माहौल तैयार किया। इस यात्रा ने कांग्रेस के भीतर एक नई ऊर्जा का संचार किया। इसका लाभ कांग्रेस को मिला। ऐसे में पर्यवेक्षकों का पैनल को लेकर पीसीसी चीफ से बात तक न करने जैसे फैसलों पर अपनी आपत्ति से अवगत करा दिया गया है। दूसरी ओर वरिष्ठ पर्यवेक्षक गणेश गोदियाल ने कहा कि उन्हें पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी की ओर से दी गई। इसीलिए उन्होंने रिपोर्ट भी उन्हीं को सौंपी।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता और केदारनाथ सीट से दावेदार शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि कुल 13 लोगों ने दावेदारी पेश की। उपचुनाव को भेजे गए पर्यवेक्षकों ने चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं अपनाई। पक्षपातपूर्ण तरीका अपनाया गया है। पार्टी की परंपरा रही है कि पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपते हैं। उसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पैनल तय करके केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाता है।

## केदारनाथ यात्रा में 502 तीर्थ यात्रियों का किया गया उपचार

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही है। केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे किसी श्रद्धालु का यदि स्वास्थ्य खराब या किसी कारण से घायल होने के स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोनप्रयाग से लेकर केदारनाथ धाम व यात्रा मार्ग के विभिन्न पडाव पर एमआरपी खोली गई है जिससे कि संबंधित श्रद्धालु का तत्परता से उपचार किया जा सके।

प्र. मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार ने अवगत कराया है कि केदारनाथ यात्रा में मंगलवार को ओपीडी के माध्यम से 502 तीर्थ यात्रियों का उपचार किया गया जिसमें 414 पुरुष एवं 88 महिलाएं शामिल है।

*इस दुनिया पर सबसे बड़ी विजय खुद पर विजय हासिल करना होता है। –अज्ञात*




# विचार-प्रवाह

देहरादून, बुधवार, 23 अक्टूबर 2024

पेज थ्री

www.page3news.in


# अगले कदम का सस्पेंस

**कई जानकारों का मानना है कि इन हमलों ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू को ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का बहाना दे दिया है। ऐसा हुआ तो उसके नतीजे भयावह हो सकते हैं क्योंकि यह मकसद ऐसा है नहीं, जो एक हमले में हासिल हो जाए।**

अनुज श्रीवास्तव।।

हमास के लड़ाकों की ओर से इस्राइल पर किए गए आतंकवादी हमले की पहली बरसी की पूर्वसंध्या पर जहां इस्राइली फौज गाजा और बेरूत पर बम बरसा रही थी, वहीं कुछ घंटे बाद हिज्बुल्लाह के रॉकेट और मिसाइल हमलों ने बहुचर्चित एयर डिफेंस सिस्टम 'आयरन डोम' को भेदते हुए तीन इस्राइली सैनिक अड्डों को निशाना बना लिया। यह तस्वीर बताती है कि हमलों और जवाबी हमलों के एक साल लंबे सिलसिले के बाद भी शांति की कोई सूरत नहीं दिख रही। इसके उलट संघर्ष और बढ़ने के आसार बनते नजर आ रहे हैं।

गाजा में हमास को बर्बाद करने की इस्राइली मुहिम उस मोर्चे पर काफी हद तक कामयाबी पा लेने के बाद पहले हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की ओर मुड़ी और अब ईरान को अपने निशाने पर लेने को उतावली दिख रही है। निश्चित रूप से ईरान के इन प्रॉक्सी संगठनों ने उसे उकसाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। लेकिन हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने के बाद इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले ने जो स्थिति पैदा की है, उसके नतीजों का अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है।



कई जानकारों का मानना है कि इन हमलों ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू को ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का बहाना दे दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि अमेरिका ऐसे हमलों के पक्ष में नहीं है, फिर भी इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नेतन्याहू और उनके रणनीतिकार एक ही बार में ईरान नाम के इस दुश्मन को लंबे समय तक के लिए ठंडा कर देने का फैसला कर लें। ऐसा हुआ तो उसके नतीजे भयावह हो सकते हैं क्योंकि यह मकसद ऐसा है नहीं, जो एक हमले में हासिल हो जाए।

ऐसा कोई भी हमला ईरान को नुकसान चाहे जितना पहुंचा दे, पर उसके सभी भूमिगत परमाणु ठिकानों को नष्ट कर देगा, ऐसा नहीं माना जा सकता। दूसरी बात यह कि इस तरह के हमले के बाद वहां प्रतिक्रियावादियों का प्रभाव और ज्यादा बढ़ जाएगा। कोई भी लंबा युद्ध तेल कीमतों में बढ़ोतरी के साथ–साथ ऐसे कई साइडइफेक्ट्स लाएगा जिससे पूरी दुनिया त्रस्त होगी।

एक साल लंबे इस संघर्ष ने खुद इस्राइल को भी कम नुकसान नहीं पहुंचाया है। जनहानि को फिलहाल एक तरफ कर दें तो भी जीडीपी ग्रोथ नीचे ही जा रही है, हाल ही में दो रेटिंग एजेंसियों दृ मूडी और स्टैंडर्ड एंड पुअर्स दृ ने उसकी क्रेडिट रेटिंग कम कर दी है। यह भी नहीं माना जा सकता कि वह पहले के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित है। इस्राइल और इस्राइलियों की असली सुरक्षा मिसाइल हमलों की आशंका दूर करने में नहीं, गुरिल्ला लड़ाकों का खतरा टालने में है, जिसके सूत्र फलस्तीनियों के साथ बेहतर और मानवीय व्यवहार में हैं। लेकिन यह बात इस्राइली नेतृत्व को बताए कौन?

## यमराज

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** उसके बाद लोहार वहां से चला जाता है और खुशी–खुशी अपने घर में जाकर पार्टी करने के बारे में सोचता है। वजह से ही मुर्गे को काटने के लिए खोजता है तो मुर्गा काट कर तुरंत वापस जुड़ जाता है। क्योंकि यमराज जी को तो उन्होंने वहां पर बैठाकर कैद करके रखा था इस कारण से पूरी दुनिया में किसी की भी मृत्यु उस वक्त नहीं हो रही थी। फिर उसके बाद लोहार ने एक बकरी बुलाया उन्होंने कहा कि चलो इस बकरे की मीट से आज हम पार्टी करने में करेंगे।

फिर उन्होंने जैसे ही बकरे को काटने की कोशिश की बकरा नहीं करता और वापस जुड़ गया और फिर वहां से भाग गया। उसके बाद लोहार सोचता है कि इस दुनिया में तो किसी की मृत्यु हो अभी नामुमकिन है।

.......... शेष कल

## संपादकीय

### फ्रीज–ड्राइड भोजन

संसार के पहले अंतरिक्ष यात्री, रूस के यूरी गागरिन ने अंतरिक्ष में 1 घंटा 48 मिनट का ही वक्त बिताया था, लेकिन वहां रहते हुए उन्होंने अल्यूमिनियम के तीन ट्यूब्स से खाना खाया था। आगे अंतरिक्ष यात्राओं का समय बढ़ा तो ट्यूब के अलावा वे फ्रीज–ड्राइड खाने के टुकड़े ले गए। किसी चीज को फ्रीज–ड्राई करने का फंडा है– उसे माइनस 40 डिग्री पर ठंडा करना, फिर वैक्यूम चैंबर में गरम करना ताकि उसका सारा पानी निकल जाए। इससे खाना बहुत हल्का हो जाता है, जीवाणु मर जाते हैं, और स्वाद या पोषण पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। बस, खाने से पहले गरम पानी से या भाप से इन्हें हाइड्रेट करना होता है। शुरू में इसके लिए गरम पानी नहीं मिल पाता था लेकिन अभी यह कोई समस्या नहीं है। रही बात पेय पदार्थों की तो वे पाउडर की शक्ल में जाते हैं और पानी मिलाकर पीने लायक बना लिए जाते हैं। पानी या कोई भी पेय पीने के लिए थोड़ा अलग तरह के, वाल्व वाले स्ट्रॉ आजमाने होते हैं।

**लाल बत्ती और वीआईपी नंबर लगाकर अपने विशिष्ट होने का एहसास कराना भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए सामान्य बात है।**

# शून्य गुरुत्व की चुनौतियां

चंद्रभूषण।।

आठ दिन से आठ महीने खिंच गई सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष यात्रा ने भारत में अंतरिक्ष यात्रियों के खान–पान, रहन–सहन को लेकर उत्सुकता जगा दी है। आने वाला समय लंबी अंतरिक्ष यात्राओं का ही होने वाला है। मंगल ग्रह की कोई भी यात्रा डेढ़ साल से कम की नहीं हो सकती। ऐसे में सुनीता विलियम्स के इस अनियोजित अनुभव के जरिये ही सही, हम इसका अंदाजा ले सकते हैं कि अंतरिक्ष में लोग कैसे रहते हैं, कैसे खाते–पीते हैं, किस तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से उनका पाला पड़ता है।

माइक्रोग्रैविटी, यानी शून्य के आसपास पहुंचने वाले सूक्ष्म गुरुत्व में न केवल चीजों का व्यवहार बल्कि शरीर का भीतरी कामकाज भी बदल जाता है। यान में चीजें एक जगह रुकी नहीं रहतीं। उन्हें बांधकर या चिपकाकर न रखा जाए तो जरा भी छू जाने पर हवा में तैरने लगती हैं। मेज से या कहीं से भी गिरने पर नीचे नहीं आतीं। इधर–उधर टकराने लगती हैं और जोखिम का सबक बन जाती हैं। खाने–पीने की चीजों में दो तरह के एहतियात रखे जाने जरूरी हैं। जहां तक हो सके, ये हल्की होनी चाहिए। दूसरे, बैक्टीरिया, वायरस या फंगस इनमें नहीं होने चाहिए क्योंकि छोटी सी जगह में कई लोगों के रहने पर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



खानपान से जुड़ी शारीरिक समस्याओं में लार ग्रंथियों, स्वाद ग्रंथियों, आहार नाल– खासकर आंतों और मूत्र प्रणाली का व्यवहार है, जो माइक्रोग्रैविटी में उलट–पुलट हो जाता है। इंसान का पूरा इवॉल्यूशन धरती पर रहकर हुआ है और इसकी दिशा इसी के अनुरूप ढलने की रही है। आंख के आंसू तक भीतर रहें या बाहर, उनकी स्वाभाविक गति ऊपर से नीचे जाने की होती है। इस प्रवाह में दो–चार दिन का व्यवधान शरीर बर्दाश्त कर लेता है। लेकिन महीनों किसी ऐसी जगह रहने में, जहां ऊपर या नीचे जैसा जहां कुछ है ही नहीं, शरीर का भीतरी व्यवहार बदल जाता है। जीवन की लय इस कदर बिगड़ जाने पर भी इंसान पस्त न पड़े, पूरी शारीरिक–मानसिक क्षमता के साथ अपने लिए निर्धारित शोधकार्य में जुटा रहे, इसके लिए धरती से आपूर्ति के स्तर पर काफी काम करना होता है और वहां रहने वाले लोग भी खुद को बहुत बदलते हैं।

स्पेस स्टेशन में मौजूद अंतरिक्ष यात्री अपना जो हालचाल बताते हैं उनमें वे लगातार जुकाम जैसा लगा होने की बात कहते हैं। असल जुकाम नहीं क्योंकि जुकाम का वायरस स्पेस स्टेशन में न पहुंचे, इसके लिए जान लड़ा दी जाती है। बस, जुकाम में जैसे जीभ का स्वाद गायब हो जाता है,

किसी चीज में कोई गंध नहीं आती, आंख, मुंह, कान, नाक हर जगह भीतर से एक सूजन जैसी लगी रहती है, कुछ वैसा ही एहसास माइक्रोग्रैविटी में रहकर होता है। इस समस्या को छोड़ दें तो भूख लगना और वॉशरूम जाने की इच्छा पैदा होना बिल्कुल धरती जैसा ही है। महीनों स्पेस स्टेशन पर गुजार लेने के बावजूद इन बुनियादी बातों पर माइक्रोग्रैविटी का खास असर नहीं होता।

### अष्टयोग- 4938

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4937 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अपना ब्लॉग

### स्पेस फूड की प्रयोगशालाएं

**मोहन।** इंसानी अंतरिक्ष यात्रा की महत्वाकांक्षा वाले हर मुल्क में उस तरफ के खान–पान से जुड़ी प्रयोगशालाएं बनी हुई हैं, जहां इस पर काम चलता रहता है कि कैसे कोई नया स्वादिष्ट और पोषक भोजन या पेय अंतरिक्षयात्रियों के मेन्यू में जोड़ दिया जाए। भारत में भी गगनयान से जुड़ी तैयारियों का यह एक जरूरी पहलू है। कुछ बातें अंतरिक्ष में व्यायाम और उत्सर्जन से जुड़ी तकनीकों पर भी होनी चाहिए। हड्डियां कमजोर हो जाने, यहां तक कि स्पेस स्टेशन पर अपने जरूरी कामों में भी अक्षम हो जाने का खतरा वहां बराबर बना रहता है। लिहाजा अपर और खासकर लोअर बॉडी की एक्सरसाइज का एक नियमित कार्यक्रम हर अंतरिक्ष यात्री को अपने दैनिक अनुशासन में शामिल करना होता है। उत्सर्जन की तकनीकें धीरे–धीरे करके परफेक्शन तक पहुंची हैं लेकिन स्टेशन में गंदगी फैल जाने की छोटी–मोटी दुर्घटनाएं अब भी कभी–कभार हो जाती हैं।





## रेमो डिसूजा और लिजेल ने 11.96 करोड़ के फ्रॉड पर दी सफाई

बॉलीवुड के जाने–माने कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और उनकी वाइफ लिजेल डिसूजा ने खुद पर लगे धोखाधड़ी के आरोपों पर बात की है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए अपना पक्ष रखा इन खबरों को झूठा बताया है। बता दें कि महाराष्ट्र के एक डांस ट्रूप ने रेमो और उनकी के अलावा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ 11.96 करोड़ की धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया है। बता दें कि जहां कोरियोग्राफर और उनकी वाइफ ने सोशल मीडिया पर अपना पक्ष रखने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए भी अपनी बात रखी है। प्रेस कॉन्फ्रेस से पहले ही रेमो इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी सफाई दे चुके हैं। उन्होंने इन खबरों को साफ शब्दों में अफवाह बताया है। इसी के साथ उन्होंने जांच एजेंसियों को सहयोग करने की बात कही। इस मामले में जारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रेमो डिसूजा से पूछा गया कि ये धोखाधड़ी का मामला है, आप पर केस हुआ है। इस मामले में क्या सच्चाई है? इसपर उन्होंने कहा, श्मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि आप लोगों से इस तरह से मुलाकात होगी, लेकिन हमें कुछ क्लियर करना है। आपने जो सुना वो सब एकतरफा है। सोशल मीडिया पर जिस तरह के आरोपों की बात है उससे मेरा और लिजेल का कोई लेना देना नहीं है।

## समीरा रेड्डी प्रेग्नेंसी के बाद 105 किलो वजन देख रोया करतीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस समीरा रेड्डी को प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को कम करने के लिए खूब मेहनत करनी पड़ी थी। अपने भारी–भरकम शरीर को देखकर समीरा डिप्रेशन में चली गई थीं। दे दना दन और मुसाफिर जैसी फिल्मों के लिए जानी जानेवालीं एक्ट्रेस समीरा रेड्डी ने हाल ही में अपनी पहली प्रेग्नेंसी के दौरान और बाद में अपने चौलेंजिंग एक्सपीरियंस के बारे में बात की। साल 2014 से उन्होंने बिजनेसमैन अक्षय वर्दे से शादी की और अगले साल 2015 में वो मां बनीं। समीरा को बेटे हंस के बाद साल 2019 में बेटी न्यारा हुई। द देबिना बनर्जी शो पर समीरा ने अपने मदरहुड को लेकर बातें कीं। उन्होंने खुलासा किया कि साल 2015 में अपने बेटे हंस को जन्म देने के बाद उनका वजन 105 किलोग्राम हो गया था। उन्होंने बताया कि इस बढ़े हुए वजन की वजन से न केवल वो शारीरिक रूप से प्रभावित हुईं बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका काफी असर पड़ा। उन्होंने ये भी बताया कि अपने शरीर को देखकर वो कैसे एक साल तक डिप्रेशन से जूझती रहीं।

## खेसारी ने किया था बीवी को तलाक दे शादी का वादा, उसके मोबाइल में गंदी तस्वीरें



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव पर इस वक्त एक्ट्रेस काजल राघवानी ने एक–दो नहीं बल्कि कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक टीवी चौनल से बातचीत में कुछ ऐसी बातें कही हैं, जिसने सबके होश उड़ा दिए हैं। काजल राघवानी ने कहा है कि खेसारी लाल यादव जो पर्दे के सामने दिखाते हैं वो असल में वैसे बिल्कुल नहीं हैं। उन्होंने ये भी कहा कि वो अब तक अपनी फैमिली की वजह से चुप थीं। भोजपुरी एक्ट्रेस ने कहा, श्मैं मिडिल क्लास फैमिली से आती हूं। उन्होंने (खेसारी) ये बात जगजाहिर की है कि हम रिलेशन में थे। मैंने 5 साल उनके साथ बिताया। मैंने लोगों के सामने कभी ये नहीं दिखाया और परिवार के चलते मैंने बढ़ावा नहीं दिया। जो भी हुआ वो जानते हैं और मैं जानती हूं कि किस वजह से ब्रेकअप हुआ, किस तरह से वो रिलेशन बने थे। उन्होंने पब्लिक में मुझे बदनाम किया है। मैं चुप रही और मेरी मां ने कहा था कि जाने दो, तुम मेहनत करो, तुम्हें लोग जानते हैं। मैं चुप रही और मैंने बस काम किया, लेकिन उनको रास नहीं आया। हर बार उन्होंने मुझे ट्रोल किया कि वो सही हैं और लड़कियां गलत हैं। खेसारी लाल यादव पहले से शादीशुदा हैं और वो पिता भी हैं। हालांकि, ये सब जानते हुए भी काजल राघवानी उनके साथ रिलेशनल में रहीं।

# नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी की रस्में हुई शुरू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*शोभिता धुलिपाला और नागा चौतन्य शादी करने जा रहे हैं। अगस्त, 2024 में दोनों ने सगाई की थी, जिसकी तमाम तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर आईं तो हर कोई शॉक्ड रह गया था। और अब एक्ट्रेस ने अपने प्री–वेडिंग सेरेमनी की शुरुआत की झलकियां साझा की हैं और लोग उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने गोधुमा रायी पसुपु अनुष्ठान की फोटोज पोस्ट की हैं, जिसमें वह एकदम साउथ इंडियन स्टाइल में रीति–रिवाज करती दिख रही हैं।*

**लोग बोले- सदा सौभाग्यवती रहो**

शोभिता धूलिपाला ने इंस्टाग्राम पर 10–12 तस्वीरें शेयर की हैं। वह रेशमी गुलाबी साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके बदन पर सोने के गहने उनकी खूबसूरती में चार–चांद लगा रहे हैं। हालों में चमेली के फूल का गजरा है और वह उसके जैसे ही खिली–खिली हुई हैं। एक्ट्रेस तस्वीरों में हल्दी पकड़े हुए हैं। और परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ वह रस्म करती दिख रही हैं।

**शोभिता धुलिपाला के शादी की रस्में शुरू**

शोभिता ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा, गोधुमा रायी पसुपु अनुष्ठान, और आखिरकार इसकी शुरुआत हो गई है। एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर लोगों ने रिएक्ट किया। एक यूजर ने लिखा, श्सदा सौभाग्यवती रहो। एक ने कहा, सामंत का श्राप कभी तुम्हारा पीछा





नहीं छोड़ेगा। एक ने कहा, तुमने एक अच्छे परिवार को बर्बाद करके एक रिश्ता शुरू किया है। वहीं कुछ ने उनकी सागदी और खूबसूरती की तारीफ की।

**नागा चैतन्य और सामंथा रुथ प्रभु की शादी**

नागा चौतन्य की शोभिता धुलिपाला से दूसरी शादी होगी। पहली शादी उन्होंने सामंथा रुथ प्रभु से 2017 में की थी लेकिन 2021 में ये अलग हो गए थे। एक्ट्रेस ने इस बात की पुष्टि की थी। बाद में नागा चौतन्य ने इंटरव्यू में बताया कि तलाक के बाद वह डिप्रेशन का शिकार हो गए थे। वहीं, एक्ट्रेस ने भी बताया था कि उन्होंने बेबी प्लान किया था। सही समय आने पर वह उसे दुनिया में भी लाने वाले थे। मगर कुछ हो न सका।

# विक्रांत मैसी की शेयर की गई तस्वीर ने फैंस का दिल जीत लिया

*विक्रांत मैसी ने सोशल मीडिया पर करवा चौथ की तस्वीरें शेयर कीं। इसमें वह अपनी पत्नी शीतल ठाकुर के साथ दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने उनका व्रत खोला और पत्नी ने एक्टर का आशीर्वाद लिया। मगर इस बीच कुछ ऐसा हुआ, जिसे देख फैंस निहाल हो गए।*



12वीं फेल, सेक्टर 36 जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से देशभर में फेमस हुए विक्रांत मैसी ने भी करवा चौथ मनाया। उन्होंने पहले अपने बेटे के साथ अपनी एक फोटो पोस्ट की थी और अब उन्होंने पत्नी के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो कि चांद को देखने और उसकी पूजा करने के दौरान की है। और फैंस को इसमें से तीसरी फोटो ज्यादा भा रही है। आप भी देखें तो शायद फैन बन जाएं। अब ऐसा क्या है, आइए बताते हैं।

**तीसरी तस्वीर पर अटकी सबकी नजर**

विक्रांत मैसी ने 2022 में शीतल ठाकुर से शादी की थी। दो साल बाद फरवरी, 2024 में ये बेटे के पिता बने थे। अभी तक इन्होंने उसका चेहरा दुनियावालों को नहीं दिखाया है। मगर उसके साथ समय बिताते हुए फोटोज शेयर करते रहते हैं। अब उन्होंने करवा चौथ की चार फोटोज इंस्टाग्राम पर फैंस को दिखाई हैं, जिसमें से दूसरी और तीसरी पर तो लोगों का दिल ही आ गया है। कैप्शन में लिखा है, घर।

**विक्रांत मैसी का करवा चौथ**

पहली तस्वीर में शीतल चलनी से चांद और विक्रात को देख देख रही हैं। एक्टर एकदम हांथ बांधे खड़े हैं और बीवी को निहार रहे हैं। वहीं दूसरी फोटो में शीतर दोनों हाथ से एक्टर के दोनों पैर छूते हुए आशीर्वाद ले रही हैं और दोनों ही मुस्कुरा रहे हैं। तीसरी फोटो में विक्रांत ने दोनों हाथ से झुककर उनके पांव छुए हैं और शीतल पीछे की ओर हटती दिख रही हैं। चौथी फोटो में विक्रांत पत्नी को पानी पिलाकर व्रत खोलते दिख रहे हैं।

**विक्रांत मैसी की तीसरी फोटो ने जीता दिल**

अब इस फोटो को देख लोगों का दिल बाग–बाग हो गया। एक यूजर ने लिखा, तीसरी तस्वीर ने तो दिल लूट लिया। एक ने कहा, तीसरी फोटो बेस्ट है। एक ने कहा, विक्रांत तुमने तो दिल ही चुरा लिया। एक ने कहा, दूसरी और तीसरी फोटो पर दिल आ गया। एक ने कहा, तीसरी फोटो बहुत खूबसूरत है। विक्रांत मैसी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह द साबरमती रिपोर्ट में दिखाई देंगे, जो 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

# आंखों की गंभीर समस्या है ब्लॉक्ड टियर डक्ट, आसान हैं बचाव

*ब्लैक डेथ यानी ब्यूबोनिक प्लेग एक ऐसा संक्रमण है जो ज्यादातर संक्रमित जानवरों द्वारा मनुष्यों में फैलता है। इसके गंभीर नुकसानों से बचना चाहते हैं तो बचाव की जानकारी होनी जरूरी है।*

**क्या है ब्यूबोनिक प्लेग?**

प्लेग एक संक्रामक रोग है जो येर्सिनिया पेस्टिस नाम के एक खास प्रकार के बैक्टीरिया के कारण होता है। येर्सिनिया पेस्टिस आमतौर पर चूहों और दूसरे जंगली जानवरों को संक्रमित करता है। ब्यूबोनिक प्लेगय प्लेग का एक प्रकार है। इसके कारण लिम्फ नोड्स में सूजन आ जाती है। बगल, कमर और गर्दन में नोड्स अंडे के आकार के हो सकते हैं और उनमें से मवाद भी निकल सकता है। सेप्टिसेमिक प्लेग में इन्फेक्शन पूरे शरीर में फैल सकता है। वहीं न्यूमोनिक प्लेग तब होता है जब फेफड़े संक्रमित हो जाते हैं।

**ब्यूबोनिक प्लेग के लक्षण**

ब्यूबोनिक प्लेग के कई लक्षण होते हैं जैसे अचानक तेज बुखार आना और ठंड लगना, पेट हाथ और पैर में दर्द, सिर दर्द, लिम्फ नोड्स में सूजी हुई गांठे विकसित होना और उनमें से मवाद निकलना, सेप्टिसेमिक प्लेग के लक्षणों में तेज बुखार, पेट दर्द, त्वचा और अंगों में रक्त स्राव, स्किन का काला पड़ना, थकान, गैंग्रीन से काले टिश्यू आदि शामिल है। वहीं न्यूमोनिक प्लेग में खांसी के साथ खून आना, सांस लेने में कठिनाई, कभी–कभी मतली या उल्टी की भी समस्या हो सकती है।

**ब्यूबोनिक प्लेग का कारण क्या है?**

ब्यूबोनिक प्लेग उन पिस्सू के काटने से फैलता है जो कि पहले किसी संक्रमित चूहे या अन्य जानवर को काटने संक्रमित हो चुका होता है। यह डिजीज मनुष्य और जानवरों के बीच फैलता है। बिल्लियों में ब्यूबोनिक प्लेग दुर्लभ है लेकिन कुत्तों की तुलना में बिल्लियां इसके प्रति ज्यादा संवेदनशील होती है। चूंकि यह संक्रमित चूहों को खा सकती हैं, ऐसे में यह मनुष्यों के लिए अधिक जोखिम पैदा करती हैं। आमतौर पर प्लेग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है लेकिन न्यूमोनिक प्लेग से पीड़ित व्यक्ति से प्लेग फैल सकता है। अन्य दुर्लभ मामलों में लोगों को उनके पालतू जानवरों कुत्तों या बिल्लियों द्वारा न्यूमोनिक प्लेग हो सकता है।



**ब्यूबोनिक प्लेग का इलाज**

ब्यूबोनिक प्लेग से ग्रसित मरीजों को एंटीबायोटिक दिए जाते हैं। अगर आपको ब्यूबोनिक प्लेग है तो आप अस्पताल में भर्ती हो सकते हैं। इस तरह के मामलों में पीड़ित व्यक्ति को आइसोलेशन यूनिट में रखा जाता है। यदि समय पर इसका इलाज न किया जाए तो यह घातक हो सकता है। यह संक्रमण पूरे शरीर में फैल सकता है। यह फेफड़ों को भी संक्रमित कर सकता है। बिना इलाज के सेप्टिसेमिक प्लेग और न्यूमोनिक प्लेग भी घातक हो सकते हैं।



## ओवर ईटिंग भी करते हैं और वेट लॉस भी करना चाहते हैं?

भोजन हर किसी के लिए जरूरी होता है क्योंकि इससे शरीर मजबूत रहता है और एनर्जी मिलती है। लेकिन जब कोई जरूरत से ज्यादा खाने लगता है तो यह बीमारी की वजह बन सकता है। कुछ लोग खाने के शौकीन होते हैं लेकिन वे हेल्दी वेट मेंटेन करते हैं, लेकिन कुछ लोग ज्यादा खाते हैं और गलत तरीके से अपना वजन कंट्रोल करने की कोशिश करते हैं। इस स्थिति को बिंज पर्ज डिसऑर्डर कहा जाता है। बिंज पर्ज डिसऑर्डर को बुलिमिया नर्वोसा भी कहते हैं। यह खाने का एक विकार है जिसमें व्यक्ति एक बार में बहुत अधिक खाने लगता है और फिर उसे बाहर निकाल देता है। इसके लिए वह जबरदस्ती उल्टियां भी करता है या फिर जुलाब, मूत्रवर्धक, आंतों को साफ करने वाली अन्य दवाइयों आदि का दुरुपयोग करता है। बुलिमिया नर्वोसा का कोई सटीक कारण ज्ञात नहीं है लेकिन कई शोधकर्ताओं का मानना है कि यह अनुवांशिकी हो सकता है। भावनात्मक स्वास्थ्य और पारिवारिक इतिहास के अलावा पतले होने के दबाव की वजह से भी यह समस्या हो सकती है। बुलिमिया नर्वोसा से ग्रसित लोगों का वजन आमतौर पर सामान्य होता है। उनके बिंज और पर्ज की आदत भी बनी रहती है। एनोरेक्सिया नर्वोसा से पीड़ित लोग आमतौर पर वजन कम करने पर ज्यादा ध्यान देते हैं और इसके लिए वह भूखे भी रहते हैं और ज्यादा एक्सरसाइज करते हैं। एनोरेक्सिया नर्वोसा में लोग खुद को मोटा समझते हैं जबकि असल में वह पतले होते हैं।

## हड्डियों को कमजोर कर सकती है कैल्शियम की कमी

कैल्शियम एक ऐसा मिनरल है जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है। यह मांसपेशियों के काम को बेहतर बनाने, नर्वस सिस्टम को स्वस्थ रखने, खून के थक्के को जमाने का भी काम करता है। शरीर में कैल्शियम की कमी से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। दांत कमजोर और टूट सकते हैं, मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन हो सकती है, झुनझुनी, सुन्नपन और मांसपेशियों में कमजोरी हो सकती है, दिल की धड़कन कम होना और शरीर में थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। शरीर के कामकाज को बेहतर बनाए रखने के लिए कैल्शियम जरूरी है लेकिन कुछ लोगों के लिए कैल्शियम उनकी सेहत के लिए भारी पड़ सकता है। ऐसी कंडीशन हैं, जब आपको अपने शरीर में कैल्शियम भरने से रोक देना चाहिए। शरीर में कैल्शियम की अधिक मात्रा से किडनी स्टोन होने का खतरा है। किडनी स्टोन खनिजों और लवणों से बने कठोर जमाव हैं जो किडनी के अंदर बनते हैं।

## कोरोनरी आर्टरी डिजीज से बढ़ सकता है हार्ट अटैक का खतरा



कोरोनरी आर्टरी डिजीज होने पर आपकी कोरोनरी आर्टरी में ब्लड फ्लो धीमा होने लगता है जिसके कारण आपके दिल तक कम मात्रा में ब्लड पहुंच पाता है। कॉलेस्ट्रॉल और ऐसी ही कुछ अन्य चीजों के कारण प्लेक बनने लगती है जिस कारण कोरोनरी आर्टरीज संकीर्ण हो जाती हैं। इस स्थिति का सबसे मुख्य लक्षण छाती में दर्द होना होता है। इसके कारण आपको दिल से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। हार्ट अटैक या हार्ट फेलियर जैसी जानलेवा स्थिति भी शामिल होती हैं। ऐसा होने के बाद दिल तक पहुंचने वाला खून बहुत कम हो जाता है और इस समय आपको हार्ट अटैक भी आ सकता है। आपको कोरोनरी आर्टरी डिजीज काफी समय से हो सकती है लेकिन इसका पता केवल तब ही चलता है जब हार्ट अटैक जैसी स्थिति सामने आती है। इसलिए इसको पहचानने के लिए इसके लक्षणों को जानना काफी जरूरी होता है। आइए जान लेते हैं इस स्थिति के लक्षण कारणों के बारे में।यह लंबे समय से होती है। समय के साथ साथ आपकी कोरोनरी आर्टरीज संकीर्ण होने लगती हैं। इसके कारण आपके दिल तक कम ऑक्सीजन वाला ब्लड पहुंचता है। आप कुछ एक लक्षणों का सामना भी कर सकते है। इसका सबसे मुख्य लक्षण छाती में होने वाला दर्द होता है। इस दर्द का बार बार होना एक पैटर्न बना लेता है और समय के साथ यह बढ़ता जाता है। इसलिए अगर बार बार छाती में दर्द हो रहा है तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

# बढ़ती उम्र में प्यार कम न होने दें, महिलाएं कैसे बढ़ाएं लिबिडो



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


*मेनोपॉज के बाद महिला के शरीर में काफी बदलाव आते हैं। मोटापा बढ़ना, हड्डियों का कमजोर होना, थकान, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, उदासी महिला के व्यवहार से झलकने लगते हैं। हार्मोन्स में बदलाव होने के कारण महिला के शरीर और व्यवहार में काफी बदलाव आते हैं। 40 के बाद जब भी मेनोपॉज का प्रोसेस शुरू होता है तब से महिला में लिबिडो की कमी लगातार देखी जाती है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में लिबिडो यानी फिजिकल रिलेशन की कमी क्यों आती है इसके बारे में बता रही हैं मुंबई के हिंदुजा व वॉकहार्ट हॉस्पिटल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. सरिता नाइक।*

**महिलाओं में क्यों होती है लिबिडो की कमी?**

मेनोपॉज के बाद महिला के शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम होने लगता है। ये हार्मोन लिबिडो बढ़ाने में मदद करता है। जब शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन कम होने लगता है तो महिला की सेक्सुअल इच्छा भी कम होने लगती है। मेनोपॉज प्रोसेस शुरू होते ही महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर घटने लगता है। इसका असर महिला के फिजिकल रिलेशन पर पड़ता है, उसकी उत्तेजना कम होती जाती है।

**सर्जिकल मेनोपॉज क्या है?**

अगर किसी महिला का बड़ा ऑपरेशन हुआ है, जैसे यूटरस या ओवरी निकाल दी गई है, तो ऐसी महिला के शरीर में कई बदलाव आते हैं। गर्भाशय या अंडाशय निकालने से महिला का मेनोपॉज जल्दी हो जाता है। इससे महिला की शारीरिक संबंध बनाने की इच्छा कम होती जाती है। मेनोपॉज जल्दी होने से महिला की



हड्डियां जल्दी कमजोर होने लगती हैं। ऐसी महिलाओं को डॉक्टर एचआरटी (हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी) लेने की सलाह देते हैं। लेकिन उससे पहले महिला की फैमिली हिस्ट्री चेक की जाती है। अगर महिला के परिवार में ब्रेस्ट कैंसर या दिल की बीमारियों का इतिहास रहा है तो ऐसी महिलाओं को एचआरटी नहीं दी जाती।

**इन वजहों से भी कम होता है लिबिडो**

महिला की शारीरिक और मानसिक स्थिति लिबिडो की कमी के लिए जिम्मेदार हो सकती है। अगर महिला घर और ऑफिस के काम में इतना बिजी रहती है कि उसके पास एनर्जी ही नहीं बचती, तो महिला की फिजिकल रिलेशन बनाने की इच्छा नहीं होती। नींद की कमी के कारण लिबिडो में कमी आ सकती है। अगर पति–पत्नी के रिश्ते में तनाव बहुत है तब भी महिला का शरीर फिजिकल रिलेशन के लिए तैयार नहीं हो पाता। अगर लंबे समय तक ऐसा रहा तो रिश्ते में दूरियां बढ़ सकती हैं।

**पार्टनर पसंद नहीं तो लिबिडो नहीं**

कई बार ऐसा भी होता है कि महिला को फिजिकल रिलेशन बनाने की इच्छा होती है, लेकिन उसे अपना पार्टनर पसंद नहीं आता। उसे पार्टनर के साथ फिजिकल होने की इच्छा नहीं होती। कई बार पुरुष में कमी होती है इसलिए महिला को उसके साथ संबंध बनाने की इच्छा नहीं होती। उसे पार्टनर से संतुष्टि नहीं मिलती। ऐसी स्थिति में एक्स्ट्रा मैरिटल रिलेशन बनने की संभावना बढ़ जाती है।

**महिलाएं लिबिडो बढ़ाने के लिए क्या करें?**

मेनोपॉज के बाद फिजिकल रिलेशन बनाने की इच्छा में कमी जरूर आती है। लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि महिला का सेक्सुअल रिलेशन खत्म हो जाता है। डाइट, एक्सरसाइज, पर्याप्त नींद, तनाव और सिगरेट–शराब से दूरी बनाकर महिलाएं लिबिडो बढ़ा सकती हैं। पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताने से भी लिबिडो बढ़ता है। इन प्राकृतिक तरीकों के बावजूद अगर लिबिडो नहीं बढ़ता तो डॉक्टर की गाइडलाइन में एचआरटी ले सकती हैं।



**एक शतक जड़ते ही डॉन ब्रैडमैन से आगे निकल जाएंगे**

विराट कोहली ने अब तक कुल 29 टेस्ट सेंचुरी जड़ी हैं। इस मामले में वह ऑस्ट्रेलिया के लीजेंड डॉन ब्रैडमैन की बराबरी है पर, जिन्होंने भी टेस्ट में 29 शतक जड़े। अब कोहली के पास पुणे में खास मौका है। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कोहली के बल्ले से एक सेंचुरी निकल जाती है तो वह टेस्ट करियर में 30वें सेंचुरी जड़ देंगे और डॉन ब्रैडमैन से आगे निकल जाएंगे।

## कोहली के पास डॉन ब्रैडमैन को पछाड़ने का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बैटर विराट कोहली इन दिनों न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। विराट कोहली का बल्ला न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में गरजा था। पहली पारी में वह अपना खाता तक नहीं खोल पाए थे, लेकिन दूसरी पारी में उनके बल्ले से 70 रन निकले। हालांकि, पहले टेस्ट में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। अब किंग कोहली से दूसरे टेस्ट में फैंस को एक बड़ी पारी की उम्मीदें हैं। दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में विराट कोहली के निशाने पर कई रिकॉर्ड होंगे, जिन्हें वह जरूर हासिल करना चाहेंगे। विराट कोहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 38.77 की औसत से 2,404 रन बनाए, जिसमें चार शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं। अब उनके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में महज 20 रन बनाते ही डब्ल्यूटीसी में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के 2,423 रनों को पार करने का मौका है।

# हॉकी–शूटिंग, क्रिकेट समेत कई इवेंट ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

**झटका**

### राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक किए जाएंगे आयोजित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत की राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे प्रमुख खेलों को 2026 में होने वाले खेलों के कार्यक्रम हटा दिया है तथा केवल 10 खेलों को इसमें जगह दी गई है। लागत को सीमित करने के लिए टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलॉन को भी हटा दिया गया है। बर्मिंघम में 2022 में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नौ खेल अगले खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। इन खेलों को केवल चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। ग्लासगो ने इससे पहले 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबानी की थी। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने बयान में कहा,'खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3•3 बास्केटबॉल और 3•3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल को शामिल किया गया है।

बयान के अनुसार, ‘इन खेलों का आयोजन चार स्थलों स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल तैराकी केंद्र, एमिरेट्स एरेना और स्कॉटिश प्रतियोगिता परिसर (एसईसी) में किया जाएगा। खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को होटल में ठहराया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे, जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की कम उम्मीद थी।

हॉकी को बाहर करने का कारण यह भी हो सकता है कि इन खेलों के समाप्त होने के दो सप्ताह बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। पहले इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था, लेकिन बढ़ती लागत को देखते हुए वह मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने खेलों की मेजबानी करने के लिए हामी भरी थी। खेलों से हॉकी का बाहर होना भारत के लिए एक बड़ा झटका होगा।

**इतने खेलों को एकसाथ क्यों हटाया?**

निशानेबाजी को इसलिए कार्यक्रम से बाहर किया गया है क्योंकि 2014 में इस खेल का आयोजन डंडी में बैरी बुडन सेंटर में किया गया था, जो ग्लासगो से 100 किमी से अधिक दूर है। इसके साथ ही तीरंदाजी को भी नजरअंदाज किया जाता रहा है। यह खेल आखिरी बार दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा था। राष्ट्रमंडल खेल 2014 में हॉकी और कुश्ती की मेजबानी करने वाले ग्लासगो ग्रीन और स्कॉटिश प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र को आयोजन स्थलों की सूची से हटा दिया गया है, जबकि सर क्रिस होय वेलोड्रोम, जहां उस वर्ष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इस बार केवल साइकलिंग की मेजबानी करेगा।

# धर्मांतरण करवा रहे थे इस भारतीय महिला क्रिकेटर के पिता!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। खार जिमखाना की गिनती मुंबई के सबसे पुराने क्लब में होती है। इस प्रतिष्ठित क्लब ने भारतीय महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्ज की सदस्यता रद्द कर दी है। खार जिमखाना अधि ाकारियों के मुताबिक कुछ सदस्यों ने जेमिमा के पिता इवान पर क्लब प्रांगण का धार्मिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। दरअसल, खार जिमखाना में वार्षित आम सभा की बैठक हुई, जिसमें ये मुद्दा उठाया गया। जेमिमा के पिता विवान रोड्रिग्ज पर क्लब के कुछ सदस्यों ने आरोप लगाया कि वह उन्होंने धार्मिक गतिविधियों के लिए परिसर का इस्तेमाल किया साथ ही श्कमजोरश लोगों को श्धर्मांतरितश करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए। भारतीय महिला टीम की ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्ज और उनके पिता को

■ जेमिमा के पिता इवान रोड्रिग्ज पर क्लब में धार्मिक गतिविधियों का आरोप

टेक्सट मैसेज और फोन कॉल किए गए, लेकिन दोनों ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद एजीमी में उनकी सदस्यता रद्द करने का फैसला लिया गया।

कार्रवाई की पुष्टि करते हुए, खार जिमखाना के अध्यक्ष विवेक देवनानी ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, श20 अक्टूबर, 2024 को आयोजित आम बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों द्वारा पारित एक प्रस्ताव के अनुसार जेमिमा रोड्रिग्ज को दी गई मानद तीन साल की सदस्यता रद्द कर दी गई। खार जिमखाना मैनेजमेंट कमिटी के सदस्य शिव मल्होत्रा ने जो कारण बताए, उसके मुताबिक, हमें पता चला कि जेमिमा रोड्रिग्ज के पिता, ब्रदर मैनुअल मिनिस्ट्रीज नामक संगठन से जुड़े थे। उन्होंने लगभग डेढ़ साल के लिए प्रेसिडेंशियल हॉल बुक किया और 35 कार्यक्रम आयोजित किए। हम सभी जानते हैं कि वहां क्या हो रहा था। हम पूरे देश में धर्मांतरण के बारे में सुनते हैं, लेकिन यह हमारी नाक के नीचे हो रहा है। खार जिमखाना के उपनियम संविधान के नियम 4ए के अनुसार, खार जिमखाना किसी भी धार्मिक गतिविधि की अनुमति नहीं देता है। खार जिमखाना के पूर्व अध्यक्ष नितिन गाडेकर ने कहा कि उन्हें एक स्टाफ सदस्य द्वारा धार्मिक गतिविधि के बारे में सूचित किया गया था। मैं, मल्होत्रा और कुछ अन्य सदस्य इसे देखने गए थे। हमने देखा कि कमरे में अंधेरा था, ट्रांस संगीत बज रहा था और एक महिला कह रही थी वह हमें बचाने आ रहा है।

## मुंबई टीम से ड्रॉप होने के बाद छलका पृथ्वी शॉ का दर्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई सेलेक्शन कमेटी ने सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को रणजी ट्रॉफी में अपने अगले गेम से पहले ड्रॉप कर दिया। पृथ्वी को ड्रॉप करने के पीछे की वजह उनकी खराब फिटनेस भी रही। मुंबई की टीम ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अपना पहला मुकाबले में हार का सामना किया। इसके बाद दूसरे मैच में जीत के साथ मुंबई की टीम ने वापसी की। अब मुंबई की टीम का अगला मैच 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के बीच में त्रिपुरा के खिलाफ होना है। पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी के दो मैचों की चार पारियों में अभी तक 7,12,1 और 39 रन क्रमशरू बनाए हैं। ऐसे में उनके खराब प्रदर्शन के बाद एमसीए ने उन्हें ड्रॉप करना ही उचित समझा। मुंबई की टीम से ड्रॉप होने के बाद पृथ्वी शॉ ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है, जिसके जरिए उन्होंने अपना दर्द जाहिर किया।

## न्यूज डायरी




### न्यूजीलैंड महिला टीम ने भारत के खिलाफ किया टीम का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा की। न्यूजीलैंड टीम ने विकेटकीपर बल्ल्लेबाज पॉली इंग्लिस को पहली बार टीम में जगह दी है। आगामी महिला वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए दोनों टीमों के लिए यह सीरीज महत्वपूर्ण रहने वाली है। दरअसल, भारतीय महिला टीम के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने विकेटकीपर–बैटर पॉली इंग्लिस को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। 28 साल की इंग्लिस का चयन ओटागो स्पार्क्स के लिए महिला सुपर स्मैश और न्यूजीलैंड ए में शानदार प्रदर्शन के बाद हुआ है। इंग्लिस को विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में लगातार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। ऐसे में उन्हें पहली बार कीवी टीम में मौका मिलने से हेड कोच बेन सॉयर भी काफी खुश है। उनकी चयन पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा, हम पॉली को उनके पहले दौरे पर लाने के लिए बहुत खुश हैं। उन्होंने पिछले सीजन के हल्लीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड वनडे मैच और इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड ए श्रृंखला में अपनी काबिलियत साबित की, जिसके बाद उन्हें पहली बार ये मौका मिला। बता दें कि भारत में होने वाली ये वनडे सीरीज काफी अहम है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज को अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रहा है।

### संजू सैमसन ने बताई हेड कोच के साथ बॉन्डिंग की सच्चाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर–बल्लेबाज संजू सैमसन ने हैदराबाद में बांग्लादेश के खिला टी20 मैच में तूफानी शतक ठोका था। उनका ये पहला टी20 इंटरनेशनल शतक था। संजू की इस पारी से हर कोई खुश था। टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव से लेकर कोच गौतम गंभीर तक संजू की पारी पर खुशी जाहिर कर रहे थे। लेकिन एक समय ऐसा था जब संजू नए हेड कोच गंभीर से आंखें मिलने से डर रहे थे। संजू ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 मैच में 111 रनों की पारी खेली थी। संजू की इस पारी के दम पर भारत ने 297 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। ये टी20 में टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर है। इस मैच में भारत ने 133 रनों से जीत हासिल की थी। संजू ने गंभीर की उनका सपोर्ट करने के लिए तारीफ की है और कहा है कि कोच–प्लेयर का रिश्ता अच्छा होना बहुत जरूरी है। उन्होंने फर्स्ट पोस्ट से बात करते हुए कहा, मैं इस बात को मानता हूं कि कोच और खिलाड़ी की रिलेशनशिप काफी अहम होती है। कोच आपकी काबिलियत में विश्वास करता है और आपको अच्छा प्रदर्शन कर उस पर खरा उतरना पड़ता है। हैदराबाद में मैं गौती भाई को बताना चाहता था कि अगर आपने मुझमें विश्वास किया है तो मैं आफको निराश नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में, मैंने शुरुआती मैचों में बड़ा स्कोर नहीं किया था।

### रणजी ट्रॉफी में नवदीप सैनी ने मैच ड्रॉ कराने के लिए की नौटंकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी का इस समय सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नवदीप मैदान पर लेटे हुए अपना इलाज करा रहे हैं। लेकिन ये पूरी तरह से नौटंकी है। नवदीप ने रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु के खिलाफ खेले गए मैच में अपनी टीम दिल्ली की लाज बचाने के लिए ये नौटंकी की। इस गेंदबाज ने जिस अंदाज में ये सब किया उसे देख किसी की भी हंसी छूट जाए। तमिलनाडु के खिलाफ मैच ड्रॉ कराने के लिए दिल्ली के बल्लेबाजों को ज्यादा से ज्यादा समय मैदान पर बिताना था और विकेट नहीं खोने थे। ऐसे में नवदीप ने फर्जी चोट का बहाना कर समय बर्बाद किया। नवदीप ने जिस तरह से ये हरकत की उसे देख तमिलनाडु के खिलाड़ी भी हंसने लगे। नवदीप बल्लेबाजी कर रहे थे। तभी गेंदबाज ने एक बाउंसर फेंकी। नवदीप गेंद से बचने के लिए झुके, लेकिन गेंद उनके हेलमेट पर लग गई। इसके बाद नवदीप खड़े हुए और गेंदबाज की तरफ इशारा करते हुए बताया कि मैं ठीक हूं। यहां तक सब ठीक था, लेकिन तभी नवदीप के दिमाग में कुछ आया और फिर उन्होंने फीजियो की तरफ इशारा किया।

पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, बुधवार, 23 अक्टूबर 2024 

सड़क गड्ढा मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए सीएम धामी।



## संक्षिप्त समाचार

### सरस मेले में गढ़वाली रामलीला ने जमाया रंग

**संवाददाता** देहरादून। रेंजर्स ग्राउंड में चल रहे सरस मेले में गढ़वाली रामलीला ने खूब रंग जमाया। कलाकारों के बेहतर अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। श्रवण लीला और वनगमन के दृश्य से जहां माहौल भावुक हुआ, वहीं धनुष यज्ञ और सूर्पणखा लीला के दृश्य ने खूब हंसाया। रामलीला का मंचन श्रवण लीला से शुरू हुआ। इसमें दशरथ के शब्दभेदी वाण से श्रवण कुमार मूर्छित होते हैं, श्रवण का विलाप देखकर दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं। इसके बाद सीता स्वयंवर, वनगमन, भरत मिलाप, राम–हनुमान मिलन, सीता की खोज, अंगद–रावण संवाद मंचन आकर्षण का केंद्र रहा।

### अंकिता ध्यानी के एशियन गोल्ड से ग्राफिक एरा में जश्न

**संवाददाता** देहरादून। एमबीए की छात्रा अंकिता ध्यानी के एशियन क्रास कंट्री चैम्पियशिप में गोल्ड मेडल जीतने से ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में खुशी की लहर दौड़ गई है। हांगकांग में आयोजित इस चौम्पियनशिप में अंकिता ध्यानी ने अपनी टीम के साथ यह गोल्ड मैडल जीता है। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी की एमबीए की छात्रा अंकिता ध्यानी इससे पहले पेरिस ओलम्पिक में पांच हजार मीटर दौड़ में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

### आनंद कारज को डेस्टिनेशन वेडिंग में होने से रोका

**संवाददाता** देहरादून। धर्म प्रचार कमेटी देहरादून ने मंगलवार को एक होटल में चल रही डेस्टिनेशन वेडिंग में आनंद कारज करने से रोका। इसके पीछे कमेटी ने अकाल तख्त अमृतसर के आदेश का हवाला दिया। जिसमें कहा गया है कि डेस्टिनेशन वेडिंग, होटलों, रिसॉर्ट्स, समुद्र तटों और अन्य स्थानों पर विवाह समारोहों में आनंद कारजश के लिए श्सरूपश (गुरु ग्रंथ साहिब की एक प्रति) नहीं ले जायी जा सकती। आनंद कारज केवल गुरद्वारा साहिब में करने का आदेश है। धर्म प्रचार कमेटी के हरप्रीत सिंह ने बताया कि मंगलवार को राजपुर स्थित एक होटल में डेस्टिनेशन वेडिंग में आनंद कारज होने की सूचना मिली थी।

### टोयोटा रुमियन का लिमिटेड फेस्टिवल एडिशन पेश

**संवाददाता** देहरादून। कार खरीदारों के लिए इस त्यौहारी सीजन को खास बनाते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का फेस्टिव एडिशन पेश किया। इस लिमिटेड–एडिशन में टीजीए पैकेज शामिल हैं जिसका उद्देश्य रुमियन के सौंदर्य और उससे मिलने वाले आराम को बेहतर करना है। यह इस सीजन को स्टाइल के साथ मनाने के लिए एकदम सही मोबिलिटी विकल्प है। रुमियन का यह फेस्टिवल एडिशन सभी ग्रेड में उपलब्ध है और डीलर–फिटेड टीजीए पैकेज के साथ आता है।

# राज्य में ग्रासरूट लेवल पर हेल्थ लिटरेसी बढ़ाने के निर्देश

**निर्देश**

- मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की 12वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक
- मेडिकल सेवाओं व मानव संसाधन के सुधार पर किया जाए विशेष फोकस

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना काल में बड़ी संख्या में स्थापित ऑक्सीजन प्लान्ट के सदुपयोग तथा राज्य में सुरक्षित चारधाम यात्रा एवं पर्यटन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को आदि कैलाश, केदारनाथ सहित सभी हाई एल्टीट्यूड वाले धामों, पर्यटक स्थलों, होटलों व धर्मशालाओं पर पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर रखने के निर्देश दिए हैं।



राज्य में मातृ मृत्यु दर को कम करने की पहल के रूप में मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने हरिद्वार में एक पायलट प्रोजेक्ट तत्काल आरम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए मेटरनल डेथ ऑडिट को अनिवार्य करने तथा स्वास्थ्य विभाग तथा एनएचएम के मध्य प्रभावी समन्वय के निर्देश दिए हैं। राज्य को 2025 तक टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को समय से पूरा करने के दृष्टिगत मुख्य सचिव ने टीबी बाहुल्य वाले क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर वहां पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की 12वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि राज्य में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक भवनों व इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की अपेक्षा मेडिकल सेवाओं व मानव संसाधन के सुधार पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने राज्य में ग्रासरूट लेवल पर हेल्थ लिटरेसी बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड के अन्तर्गत कार्यरत कार्मिकों के मानदेय के Rationalization के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सल्ट व चौखुटिया में सेन्ट्रल आक्सीजन पाईप लाइन एवं मैनीफोल्ड, आक्सीजन प्लांट के विभिन्न कार्यों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसपुर एवं डोईवाला में आक्सीजन प्लांट व शेड कार्यों की विभिन्न वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की।

बैठक में सचिव धीराज गर्ब्याल, अपर सचिव श्रीमती स्वाति भदौरिया सहित स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, वित्त, ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### एनएसयूआई ने किया मंत्री आवास का घेराव

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में छात्रसंघ चुनावों को लेकर हो रही देरी से आक्रोशित एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को शिक्षा मंत्री आवास का घेराव किया। हालांकि पुलिस ने उन्हें कुछ पहले ही रोक दिया था। जिस पर वहां काफी हंगामा हुआ। बाद में पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले गई।

एनएसयूआई के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष हिमांशु रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जमा होकर यमुना कालोनी तिराहे पर पहुंचे। जहां से रैली के रूप में आगे को निकले। लेकिन पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक लिया। जिस पर छात्रों ने आगे बढ़ने की कोशिश की। वे बैरिकेडिंग पर भी चढ़ने लगे। लेकिन पुलिस ने भी बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा। जिससे वहां छात्रों और पुलिस के बीच काफी धक्का मुक्की भी हुई। इसके बाद छात्र वहीं घरने पर बैठ गए। कुछ देर धरना देने के बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पुलिस लाइन ले गई। हिमांशु रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियां छात्र एवं शिक्षक विरोधी हैं।

# मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना शीघ्र होगा लॉन्च

**बैठक**

- वित्त मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की विस्तृत चर्चा

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना की उप समिति की बैठक विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। प्रदेश की एकल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना शीघ्र ही लॉन्च करने जा रही है। जिसको लेकर वित्त मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।



मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत पात्र महिलाओं को स्वरोजगार या व्यवसाय स्थापित करने हेतु योजना से लाभान्वित किया जायेगा ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत पात्रता यह रखी गयी है कि पात्र महिला प्रदेश की मूल या स्थायी निवासी होनी चाहिए, एकल निराश्रित महिला, आयु 21 से 50 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, विधवा, परित्यक्ता, किन्नर, अपराध व एसिड हमले से पीड़ित एकल निराश्रित महिला या जिन एकल महिलाओं के बच्चे अविवाहित या अव्यस्क हों।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना को प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर शुरु किया जायेगा। इसके लिए प्रदेश भर में स्क्रीनिंग कमेटी गठित की जायेगी जो मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग करेगी। योजना के तहत एक वर्ष में प्रदेश की 2 हजार पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत पात्र महिलाएं कृषि, बागवानी, कुक्कुट पालन, पशुपालन, प्लम्बर कार्य, इलेक्ट्रीशियन, डाटा एन्ट्री, ब्यूटी पार्लर सम्बन्धी आदि व्यवसायों को शुरु कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि योजना रुपये 2 लाख की है जिसमें 75 प्रतिशत अनुदान देय होगा।

### भाकपा मसूरी नगर पालिका चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी

**संवाददाता** देहरादून। भाकपा मसूरी शाखा का वार्षिक सम्मेलन में असलम खान को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में देहरादून शाखा सचिव विक्रम सिंह पुंडीर मुख्य अतिथि रहे। सम्मेलन में तय किया गया कि भाकपा मसूरी नगर पालिका अध्यक्ष समेत सभी पदों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी। अशोक शर्मा ने कहा कि श्रम कानूनों से छेड़छाड़ कर श्रमिकों का हक छीना जा रहा है। लगातार बढती मंहगाई और भ्रष्टाचार से सब परेशान हैं। इसके खिलाफ भाकपा आंदोलन की रणनीति बना रही है। जिला मंत्री आरपी बडोनी ने कहा कि मसूरी में भी श्रमिकों का लगातार शोषण बढ़ रहा है। मसूरी नगर पालिका में गड़बड़ी का मामला भी सम्मेलन में उठाया गया। सम्मेलन में तय किया गया कि नगर पालिका चुनावों में भाकपा मसूरी में अध्यक्ष पद सहित सभी वार्डो में प्रत्याशी उतारेगी। व जनता के बीच जाकर सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत करायेगी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।